# एसवीएसयू में 29 से शुरू होगी पुस्तक प्रदर्शनी

**पलवल, 27 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार से दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी शुरू होगी। इस प्रदर्शनी में 30 से अधिक प्रतिष्ठित प्रकाशक हिस्सा लेंगे। अकादमिक पुस्तकों के अतिरिक्त बड़ी संख्या से रेफरेंस पुस्तकें इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण होंगी। साथ ही साहित्य सहित विविध विषयों पर आधारित पुस्तकें भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा होंगी। पुस्तकालय अध्यक्ष प्रोफेसर एसके सिन्हा ने बताया कि यह प्रदर्शनी शारदा भवन के केंद्रीय



पुस्तकालय में आयोजित होगी। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी, जबकि शुक्रवार को कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार समापन समारोह में मुख्यातिथि होंगे और एसवीएसयू ई-पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में मैकग्रॉ हिल, न्यू ऐज, विलेय, सीबीएस, पियरसन, खन्ना, प्रिंटस हॉल, एस चांद, ओरिएंट ब्लैक स्वान, संगग लर्निंग, हिमालय पब्लिकेशन, स्वराज प्रकाशन, टैक्समैन और अरिहंत प्रकाशन सहित काफी संख्या में प्रकाशक भाग लेंगे। यह पुस्तक प्रदर्शनी रीडिंग हॉल में लगेगी।